अब वरुण धवन ने लिया कंगना रनौत से पंगा

बॉलिवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने पिछले दिनों बॉलिवुड के तमाम सितारों पर जमकर आग उगलने का काम किया। वजह थी उनकी फिल्म मणिकर्णिका को लेकर बॉलिवुड के सितारों का बेरुखापन।



पिछले दिन अपनी फिल्म मेंटल है क्या की रिलीज़ डेट को लेकर रितिक रोशन की फिल्म सुपर 30 से उलझी कंगना से तंग आकर रितिक ने अपनी फिल्म की रिलीज़ डेट चुपचाप बदल दी थी, लेकिन अब खुद वरुण धवन ने कंगना से पंगा ले लिया है।

दरअसल, आज सुबह वरुण धवन और श्रद्धा कपूर की अगली फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी की रिलीज़ डेट बदल दी गई और बदली डेट है अगले साल की 24 जनवरी। अब इसी 24 जनवरी को कंगना की फिल्म पंगा की रिलीज़ फाइनल की गई थी। कंगना ने अपनी फिल्म की रिलीज़ डेट की घोषणा मार्च महीने में ही कर दी थी। अगर दोनों ही फिल्मों की रिलीज़ डेट नहीं बदलती है, तो वरुण धवन और कंगना रनौत का पंगा तय है।

कलंक जैसी मल्टीस्टारर फिल्म की असफलता के बाद वरुण अब अपनी अगली फिल्म को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यही वजह है कि वह इन दिनों स्ट्रीट डांसर में जी-जान से मेहनत कर रहे हैं। पिछले दिनों ही फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो गई थी। अब फिल्म का अगला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

शेड्यूल दुबई में शूट किया जाएगा। वरुण की यह फिल्म पहले इसी साल 8 नवंबर को रिलीज़ होने वाली थी, लेकिन इसी महीने अनीस बज्मी की अनिल कपूर, जॉन अब्राहम स्टारर पागलपंती भी नवंबर में ही रिलीज़ होगी, जिसके चलते वरुण की फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया है। स्ट्रीट डांसर 3 डी में वरुण के साथ श्रद्धा कपूर, नोरा फतेही और प्रभु देवा मुख्य भूमिकाओं में हैं। वरुण और कंगना की इस टक्कर पर अब तक किसी का कोई बयान नहीं आया है। पंगा का निर्देशन बरेली की बर्फी बनाने वाली डायरेक्टर अश्वनी अय्यर तिवारी ने किया है। कंगना ने हाल ही में फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है।

20 साल की अनन्या पांडे अब नहीं करेंगी पढ़ाई

फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाली अनन्या पांडे अब आगे की पढ़ाई नहीं करेंगी। उनके पिता चंकी पांडे ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान यह बात बताई। उन्होंने कहा कि वह इस समय ऐक्टिंग करियर पर अपना फोकस बनाई हुई हैं।

दरअसल, चंकी ने यह बात उस सवाल के जवाब में कही जिसमें उनसे अनन्या की पढ़ाई से जुड़ी वायरल पोस्ट के बारे में पूछा गया था जिसमें ऐक्ट्रेस की उस बात को झूठ बताया गया था कि उन्होंने विदेशी यूनिवर्सिटी में अप्लाई किया था और फिल्म में रोल मिलने के कारण वह वहां नहीं गईं।

ऐक्टर चंकी पांडे ने इन दावों को झूठा बताते हुए कहा कि हां उसका दो यूनिवर्सिटीज में ऐडमिशन हो गया था, लेकिन उसे फिल्म करनी थी इसलिए वह नहीं गई। मुझे नहीं लगता कि वह अब यूनिवर्सिटी जाएगी। अब वह बॉलिवुड में काम करेगी। चंकी ने अपनी बेटी के डेब्यू की भी तारीफ की। उन्होंने कहा मुझे उस पर बहुत गर्व है। उसने बहुत अच्छा काम किया। मुझे डर था कि वह ठीक से परफॉर्म कर पाएगी या नहीं... लेकिन उसने अच्छा काम किया। वह काफी होशियार है। उसे अभी लंबा सफर करना है।



अमिताभ बच्चन की चेहरे से टकराएगी अभिषेक बच्चन की फिल्म

अभिषेक बच्चन काफी दिनों के सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने जा रहे हैं। वह आखिरी बार अनुराग कश्यप की फिल्म मनमर्जियां में नजर आए थे। इसके बाद से ही उन्हें कई फिल्मों के ऑफर मिल रहे थे। अब फाइनली वह अनुराग बसु की ऐक्शन कॉमिडी फिल्म में नजर आएंगे। दिलचस्प बात यह है कि जिस दिन यह फिल्म रिलीज होगी, उसी दिन अमिताभ बच्चन की फिल्म चेहरे रिलीज होगी। यानी पिता और पुत्र की फिल्म आपस में टकराएंगी। बता दें कि ऐक्शन कॉमिडी फिल्म में अभिषेक बच्चन के अलावा राजकुमार राव, ऑदित्य रॉय कपूर, सान्या मल्होत्रा, पकंज त्रिपाठी और फातिमा सना शेख भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म के निर्मताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म अगले साल 21 फरवरी को रिलीज होगी।

द होलीडे से रखेंगी वेब प्लेटफॉर्म पर कदम रखने जा रही हैं अभिनेत्री अदा शर्मा

इन दिनों वेब सीरीज का बोलबाला है. टीवी से लेकर फिल्मी कलाकार भी इस प्लेटफॉर्म पर अपना आगाज़ करते नजर आ जाते है. इसी रेस में अब बॉलीवुड अदाकारा अदा शर्मा भी शामिल हो गई हैं. जी हां ! ऐसी खबरें हैं अद शर्मा नई वेब सीरीज से अपना डेब्यू करने के लिए तैयार है.

अभिनेत्री अदा शर्मा द होलीडे से वेब शो में कदम रखने जा रही हैं. इस शो का एक बड़ा हिस्सा चैनल जूम स्टूडियोज पर दिखाया जाएगा. इसकी शूटिंग मॉरीशस में होगी. अदा ने एक बयान में कहा, मुझे यात्रा करना बहुत पसंद है. यात्राएं मुझे बहुत रोमांचित करती हैं. मेरे लिए खुशी की बात है कि इस वेब शो की शूटिंग मॉरीशस में होगी.

इस वेब शो में दिखाया जाएगा कि दोस्तों का एक समूह खूबसूरत जगह पर छुट्टियां मनाने का फैसला लेता है और दीवानेपन की हद तक मस्ती करता है. अदा ने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि मैं इस दिलकश कहानी का हिस्सा बनने जा रही हूं. अदा शर्मा 1920 और हंसी तो फंसी जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं.